Title: Requests the Central Government to take action on the lifting of ban on common salt.

12.13 hrs.

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : अध्यक्ष जी, मैं एक महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं और वह इस देश में सादा, प्राकृतिक नमक की बिक्री के संबंध में है। आप जानते हैं कि इस देश में १२ से १४ लाख मजदूर नमक बनाने के काम में लगे हुए हैं और अंग्रेजों के जमाने में गांधी जी का सत्याग्रह नमक के सवाल पर ही हुआ था। आज दुर्भाग्य की बात है कि पूरे देश में सादा नमक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और नतीजा यह हो रहा है कि जो सादा प्राकृतिक नमक एक या सवा रुपए किलो बड़े आराम से सब जगह मिल जाता था वह मिलना अब बंद हो गया है और उसके स्थान पर आयोडाइज्ड नमक १२ से १४ रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है।

महोदय, यह बात सही है कि कुछ अनुसंधान हुआ और उसमें यह कहा गया कि सादा प्राकृतिक नमक से घेंघा हो जाता है और यह भी सही है कि मंत्री जी जब जवाब देंगे, तो वे यह भी कहेंगे कि सादा नमक बेचने पर प्रतिबंध हमने नहीं लगाया है, बल्कि प्रीवियस गवर्नमेंट ने प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है जिसकी अधिसूचना मई मास में जारी हुई है जिसका नतीजा यह है कि मार्केट से सादा नमक बिलकुल गायब हो गया है। मेरा कहना है कि यदि प्रीवियस गवर्नमेंट ने कोई गलत निर्णय उस समय ले लिया जिसके कारण आम लोगों को तकलीफ हो, तो उस निर्णय को इस सरकार द्वारा बदल दिया जाना चाहिए।

महोदय, इस देश में दो तरह के आदमी हैं-एक वे अमीर लोग जो चाहे जितना महंगा नमक हो, खरीद कर खा लेंगे और दूसरे वे आम गरीब और मजदूर लोग हैं, जिनके पास पैसा नहीं है, आयोडीनयुक्त महंगा नमक खरीदकर नहीं खा सकते हैं। ऐसी स्थिति में मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि यह जो सादा, प्राकृतिक नमक पर प्रतिबंध लगाया गया है और आयोडीनयुक्त नमक अनिवार्य रूप से बेचने और खाने का नियम लागू किया गया है, यह ठीक नहीं है। इसके पीछे बहुत बड़े माफिया का काम है। इस देश में हर आदमी नमक खाता है। यदि एक आदमी के एक महीने में २५ रुपए नमक पर खर्च होते हैं, तो आप अनुमान लगा लीजिए एक वर्ष में २५० से ३०० करोड़ रुपए का यह घपला हो रहा है जिसे तुरंत रोका जाना अत्यन्त आवश्यक है।

महोदय, यदि विगत सरकार ने यह निर्णय लिया है और गलत निर्णय लिया है, तो मैं भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि उसे रैक्टीफाई किया जाए, उसमें सुधार किया जाए। ऐसी बात नहीं है कि घेंघा अकेले सादा या प्राकृतिक नमक खाने से ही होता है। उसके और भी अनेक कारण हैं। उसके लिए अलग से अनुसंधान करने तथा इलाज कराने की जरूरत है। मेरा आग्रह है कि देश में दोनों प्रकार के नमक की बिक्री करने के आदेश दिए जाएं और सादा नमक को बेचने के ऊपर लगे प्रतिबंध को हटाया जाए ताकि दोनों नमक मार्केट में उपलब्ध हो सकें।*

... (Interruptions)

">SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): Sir, the common man is suffering.

Sir, it is difficult to get the plain salt. The Government should take immediate steps to rectify this position so that the common people do not suffer ... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Madam, what is your point?

... (Interruptions)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Sir, I am also on the same point ... (Interruptions)

">

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका): अध्यक्ष महोदय, श्री राम विलास पासवान ने जो बात कही है, मैं उसके समर्थन में कहना चाहता हूं। वर्षों से सादा नमक सारे हिन्दुस्तान के लोग खा रहे थे। श्री राम विलास पासवान जी की गवर्नमैंट के वक्त यह आदेश हुआ कि आयोडीन युक्त नमक ही बेचा जायेगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अंदर जो गरीब लोग हैं, वे अब तक सादा नमक खा रहे थे। उनको आयोडीन युक्त नमक खरीदने में मुश्किल हो रही है। उनके लिए जीना मुश्किल हो गया है। ... (व्यवधान) इतना ही नहीं गुजरात के अंदर सबसे ज्यादा नमक बनता है। इस आदेश के कारण वहां के लोगों की रोजी-रोटी भी मुश्किल हो गयी है।

... (व्यवधान)

मेरा सरकार से निवेदन है कि

... (व्यवधान)

सादे नमक पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाये ... (व्यवधान) जिन गरीबों की रोजी-रोटी छिन गई है

... (व्यवधान)

उनको पुनः रोजगार देने का कष्ट करें।

SHRI LALU PRASAD (MADHEPURA): Sir, the hon. Minister is not listening ... (Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Sir, Shri Radhakrishnan wants to say something on salt ... (Interruptions)

SHRI E. AHAMED (MANJERI): Sir, This is a very serious issue ... (Interruptions) what is happening in Gujarat ... (Interruptions)

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, this is a very serious matter ... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Let her complete her submissions.

... (Interruptions)

SHRI E. AHAMED :Sir, what is happening in Gujarat ... (Interruptions)

MR. SPEAKER: No, please.

... (Interruptions)

SHRI A.C. JOS (MUKUNDAPURAM): Sir, it is a very serious issue. In Ahmedabad ... (Interruptions)

MR. SPEAKER: I will allow you, please take your seat now.

... (Interruptions)

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल): अध्यक्ष महोदय, मिनिस्टर सुन ही नहीं रहे हैं।

... (व्यवधान)

">

श्रीमती भावना कर्दम दवे (सुरेन्द्रनगर): अध्यक्ष महोदय, गुजरात में सबसे ज्यादा नमक का उत्पादन होता है।

... (व्यवधान)

मैं कब तक खड़ी रहूंगी?

... (व्यवधान)

मैं ऐसे कैसे बोलूंगी?

... (व्यवधान)

जब भी महिला बोलने के लिए खड़ी होती है तो आप बीच में बोलने लगते हैं।

... (व्यवधान)

सभापति जी, ७० प्रतिशत नमक का उत्पादन हमारे गुजरात में होता है और मेरी कांस्टीटूऐंसी जिला सुरेन्द्र नगर में नमक का सबसे बड़ा उद्योग है। सादे नमक पर प्रतिबंध होने के कारण वहां हमें बहुत तकलीफ हो रही है। आयोडाइज्ड नमक की जरूरत सबको नहीं है, यह सर्वेक्षण हुआ है। जिनको आयोडाइज्ड नमक की जरूरत नहीं है उन पर हम इस कानून के जरिये आयोडाइज्ड नमक खाने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

... (व्यवधान)

यदि सादे नमक पर प्रतिबंध रहेगा तो नमक उद्योग में काम करने वाले मजदूर, जो अगरिया कहलाते हैं, वे सब बेरोजगार हो जायेंगे और नमक महंगा हो जायेगा। मेरा आपसे नम्र निवेदन है कि आयोडाइज्ड नमक के लिए कानूनन हमें जो कहा गया है उसे हटाया जाये और सादे नमक पर लगी पाबंदी को जल्दी से उठाना चाहिए। हमारे पूरे देश को इसकी जरूरत नहीं है।

MR. SPEAKER: Shri Harbinder Singh, please take your seat. You are a senior Member. How could you just stand up like this? Please take your seat.

... (Interruptions)

1218 hrs (Shri P.M.Sayeed in the Chair)

MR. CHAIRMAN :Yes, Shrimati Panabaka Lakshmi.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: She also represents the same area.

... (Interruptions)

">SHRIMATI LAKSHMI PANABAKA (NELLORE): Sir, the people of my constituency are dependent on the manufacture of salt. It is a matter of concern for the common people as well. I would like to request the Government for an urgent action on modification and lifting of the ban on salt. I agree with the views expressed by Shri Ram Vilas Paswan. I would like to request the Government to take action on this ... (Interruptions)

श्री अनंत गंगाराम गीते (रत्नागिरि): सभापति जी, अध्यक्ष जी ने मुझे बोलने के लिए कहा था।

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): सभापति जी, पासवान जी ने अभी जो सवाल उठाया और कई माननीय सदस्यों ने उस पर चिंता व्यक्त की है। ... (व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते :सभापति जी, हमें भी इसके ऊपर बोलना है।

... (व्यवधान)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN :Sir, I would also like to submit on this issue ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister is responding to the submissions made in regard to salt which has been raised by Shri Ram Vilas Paswan.

... (Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE :Sir, Shri Radhakrishnan has been waiting for an opportunity ... (Interruptions)

SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): Sir, It is the most important thing. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: That is why, I want the Government to react to it.

">SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Recently, the Health Ministry has issued a notification that on health grounds, the common salt should not be used. That is a wrong notification.

MAJOR GENERAL BHUVAN CHANDRA KHANDURI, AVSM (GARHWAL): Sir, the hon. Member is shouting. Please do not give him a chance.

MR. CHAIRMAN : Please do not shout.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN :Sir, I am only speaking. I am not shouting.

SHRI AJIT JOGI (RAIGARH): He is not shouting, Sir. That is the way he speaks.

MAJOR GENERAL BHUVAN CHANDRA KHANDURI, AVSM :There has to be some system. You should follow a system.... (Interruptions)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Sir, there is a notification issued by the Health Ministry that common salt should not be used. There is a total ban on the use of common salt. The reason put forward in the notification is that the common salt is injurious to health. I would say, that is not correct because the opinion differs.

I think using common salt is not at all injurious to health. We have been using the common salt for centuries together and nothing has happened. it has not affected our health. Someone found it recently that the common salt is injurious to health and so it should not be used. It is being said that everybody should use iodized salt. The iodized salt is available at Rs.7 per kg. whereas the common salt costs only Rs.1 per kg. So, the poor man is affected.

MR. CHAIRMAN: Please conclude now. I wonder, why should people make long speeches.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN :I would request the Minister to withdraw the notification issued by the Health Ministry.

">

श्री अनंत गंगाराम गीते :सभापति जी, पासवान जी ने नमक के बारे में विचार व्यक्त किए हैं, उसके बारे में मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

... (व्यवधान)

समुद्र के किनारे रहने वाले लोग जो नमक की खेती करते हैं, हमारे यहां वैस्टर्न कोस्ट में ज्यादातर लोग नमक की खेती करते हैं। पिछली सरकार के समय में आयोडाईज़ड युक्त नमक इस्तेमाल करने के बारे में जो आर्डिनैंस निकाला गया, उससे उन किसानों की अपनी खेती खत्म हो गई है। वे किसान जो नमक की खेती करते थे, आज भुखमरी के कगार पर हैं। हम वर्षों से नमक खाते आए हैं, इसलिए नमक की वजह से बीमारी होती है यह कहना सही नहीं है। मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि आयोडाईज़ड युक्त नमक के बारे में जो आर्डिनैंस निकाला गया, उसके पुनर्विचार के बारे में सरकार कोई कदम उठाए।">">

*m08

">

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा): सभापति महोदय, सादे नमक पर प्रतिबंध के कारण हमारे देश के जानवरों को भी आयोडाईज्ड नमक खाना पड़ रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि पासवान जी की सरकार ने जो गलती की है, उस गलती को खत्म करने के लिए उस आर्डिनैंस को वापिस लें और सादे नमक पर लगा प्रतिबंध हटाएं।

... (व्यवधान)

श्री अजीत जोगी (रायगढ़): आप नमक के बारे में रीएक्ट कीजिए।

">

श्री मदन लाल खुरानाः मैं वही तो कह रहा हूं, कोई मुझे बोलने तो दे। ... (व्यवधान) अब सबको एक-एक मिनट बोलना है।

... (व्यवधान)

">">

*m09

">

श्री वीरेन्द्र सिंह (मिर्जापुर): सभापति जी, नमक की खेती पर सारे लोग चिन्ता प्रकट कर रहे थे लेकिन नमक की खेती में काम करने वाले कामगारों के बारे में चिन्ता प्रकट नहीं की गई। १४ लाख कामगार, अभी कांडला में बहुत से कामगार बेरोजगार हो गए हैं और मर भी गए हैं। उनके बारे में सरकार को चिन्ता होनी चाहिए।

... (व्यवधान)

">

*m">10

">

श्री मदन लाल खुराना : सभापति जी, अभी आयोडीनयुक्त नमक के बारे में पासवान जी ने जो प्रश्न उठाया, उस पर सभी ओर से चिन्ता व्यक्त की गई। पासवान जी ने मेरा काम यह कहकर थोड़ा हल्का कर दिया कि इनकी सरकार ने निर्णय लिया था, अब यह कहने से कि कल हमारी बी.जे.पी. की पार्लियामेंटरी पार्टी की जो मीटिंग थी, उसमें लगभग सभी सदस्यों ने जिस प्रकार यहां चिन्ता प्रकट की गई है, उस मीटिंग के अन्दर भी चिन्ता प्रकट की। लेकिन यह कहा गया, जैसा आपने कहा कि निर्णय तो ले लिया, लेकिन अब उस निर्णय को वापस लेने के लिए लीगल एडवाइस के लिए उसको भेज रहे हैं, ताकि लीगली उसको कैसे वापस लिया जाये। यह सरकार इसके बारे में चिन्तित है, जो आपने चिन्ता प्रकट की है, उसके अन्दर हम भी सहभागी हैं। उस पर विचार किया जा रहा है, मैं यह कहना चाहता हूं।

... (व्यवधान)

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति जी, यह विषय मैं आज नहीं उठाता, लेकिन दूसरे सदन में तीन जून को यह विषय ऑलरेडी उठ चुका है। सरकार ने वहां यह एश्योरेंस दिया था कि हम इस पर तुरन्त निर्णय लेने वाले हैं, लेकिन आज १५ दिन बीत गये हैं, इसलिए हमने चिन्ता जाहिर की है। आप इसमें कोई टाइम बाउंड कर सकते हैं कि इतने दिन में कर देंगे?

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुराना : मैंने आपसे यही कहा कि जो निर्णय आपने लिया था, हम उस निर्णय पर लीगल एडवाइस ले रहे हैं कि उसको वापस कैसे लिया जाये।

... (व्यवधान)

">

">*m1">1

">

श्री प्रकाश विश्वनाथ परांजपे (ठाणे) : निर्णय कब लिया जायेगा?

The Minister should announce the date by which the Ordinance will be cancelled. ... (Interruptions) We want a time bound programme.

SHRI K. YERRANNAIDU :Since times immemorial, we have been using common salt in our daily lives. What legal opinion is required in this? As a one time MLA and as an MP, I know that no legal opinion is required to do this. Crores of people have been using common salt since times immemorial. The States most affected by this Ordinance are Andhra Pradesh, Gujarat, Maharashtra and West Bengal. Lakhs of people are suffering because of this Ordinance, the industry is suffering, lots of people are suffering because of lack of employment. I would request the Union Government to withdraw this Ordinance within a week or ten days. I request the hon. Minister to make an announcement in the House to that effect right now.

श्री मदन लाल खुराना : नोटिफिकेशन को वापस करने के लिए लॉ डिपार्टमेंट उसको देख रहा है, वही तो मैंने कहा है न।

... (व्यवधान)

SHRI A.C. JOS:We have given notice, Sir.

Nothing will go on record. Hon. Minister of Home Affairs is on his legs. Hon. Speaker fixed the time as l2.45 P.M. for the statement.